RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : सोमवार 27 मई 2024 वर्ष 06 अंक 39 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

मुंबई में मीठी नदी चौड़ीकरण के लिए 8,000 वर्ग मीटर क्षेत्र मुक्त कराया गया



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# 4 जून के बाद मोदी सत्ता छोड़ेंगे?

## परिवर्तन के लिए जनता ने दिया वोट

### राऊत के रोखठोक पर बवाल...



**मुंबईः** शिवसेना उद्धव गुट के सांसद एवं पत्रकार संजय राऊत के एक लेख के कारण महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। शिवसेना (उद्धव गुट) के मुखपत्र में रोखठोक स्तंभ के तहत रविवार को प्रकाशित हुए आलेख में संपादक संजय राऊत ने लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्र की मोदी सरकार और बीजेपी पर निशाना साधा। राऊत ने लिखा कि मोदी ने देश पर पुतिन की तरह राज किया, देश को गुलाम बनाया और दस साल में गुलाम पैदा किए। देश की जनता ने परिवर्तन के लिए वोट दिया लेकिन सवाल इतना ही है कि हार हुई तो क्या मोदी सत्ता छोड़ देंगे? या दूसरे तानाशाहों की तरह सत्ता छोड़ने से इनकार कर देंगे?

राऊत ने लिखा कि महाविकास आघाड़ी ने जो माहौल बनाया, उसकी आंधी में मोदी-फडणवीस-शिंदे उड़ गए। इन लोगों ने महाराष्ट्र में पैसों का साम्राज्य खड़ा किया लेकिन दिल्ली के पैसों के साम्राज्य को महाराष्ट्र उखाड़ फेंकेगा। ये दिख रहा है कि मोदी की वाणी और शरीर का जोर फीका पड़ गया है। किसी के मन में कोई संदेह नहीं है कि 4 जून के बाद नरेंद्र मोदी और अमित शाह का शासन खत्म हो रहा है। महाराष्ट्र का नेतृत्व कल की दिल्ली के परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 2019 का चुनाव पुलवामा हत्याकांड के जवानों के बलिदान के कारण मोदी ने जीता था। 2024 का चुनाव मोदी-शाह उन्हीं जवानों के परजनों के शाप और आह के कारण हार रहे हैं। जवानों की आत्माएं भटक रही थीं। 4 जून को उन्हें मोक्ष प्राप्ति मिलेगा। राऊत ने दावा किया है कि इस चुनाव में एकनाथ शिंदे ने खूब पैसा खर्च किया। शिंदे और उनके तंत्र ने यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किए कि अजित पवार का कोई भी उम्मीदवार चुनाव में नहीं जीते।

### यूपी में बीजेपी को झटका!

**राऊत ने दावा किया कि संघ के लोग नागपुर में खुलेआम कह रहे हैं कि 4 जून के बाद भाजपा में मोदी-शाह के लिए कोई समर्थन नहीं रहेगा। क्योंकि नागपुर में गडकरी की हार हो, इसके लिए मोदी-शाह-फडणवीस ने इकट्ठा प्रयास किए। गडकरी की हार के लिए हर तरह के रसद फडणवीस ने ही मुहैया कराई। लेकिन गडकरी की हार नहीं होगी, यह एहसास होने के बाद फडणवीस अनिच्छा से नागपुर के चुनाव प्रचार में उतरे। जो हाल गडकरी का है, वही योगी का है। अगर मोदी और अमित शाह दोबारा सत्ता में आए तो वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को घर भेज देंगे। इसलिए योगी को बचाना है, तो मोदी को जाना है। यह संदेश योगी समर्थकों ने प्रसारित किया है। इस वजह से उत्तर प्रदेश में भाजपा को 30 सीटों का झटका सहज लगेगा। मोदी सरकार जा रही है। इस वजह से विदेशी उद्योगपतियों ने करीब सवा लाख करोड़ का निवेश वापस ले लिया।**


# फिल्म हम दो हमारे बारह पर सेंसर बोर्ड से बैन लगाने की मांग

## धार्मिक भावना आहत करने का आरोप



**मुंबईः** मुसलमानों की मजहबी संस्था रजा अकादमी ने फिल्म सेंसर बोर्ड को ज्ञापन देकर 7 जून को रिलीज होने वाली फिल्म हम दो हमारे बारह की निंदा की है और इसे मुसलमानों के खिलाफ बताते हुए फिल्म पर तत्काल पाबंदी लगाने की मांग सेंसर बोर्ड से की है। भिंडी बाजार स्थित रजा अकादमी के प्रधान कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे मुसलमानों के चरित्र पर बेतुके तरीके से मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मकसद से फिल्म बनाने का आरोप लगाते हुए रजा अकादमी के प्रधान महासचिव मुहामद सईद नूरी ने कहा कि फिल्म में आपत्तिजनक डायलाग हैं। स्टोरी मुसलमानों को लक्ष्य करके लिखी गई है, कुछ निम्न स्तर के फिल्म निर्माता सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए ऐसी फिल्में बनाते हैं। फिल्म में कुरान की आयतों की भी गलत व्याख्या की गई है, ताकि देश में मुसलमानों के बारे में गलत संदेश जाए। नूरी ने बताया की फिल्म में मुसलमानों को अत्याचारी बताया गया है, जिससे मुसलमानों से देश की जनता नफरत करने लगेगी, मौलाना अब्बास रिजवी ने कहा की हम फिल्म की निंदा करते हैं, संविधान में किसी को किसीभी धर्म का अपमान करने की इजाजत नहीं देता। रजा अकादमी के कारी मुहम्मद सईद अशरफी ने कहा की ऐसी नफरत फैलाने वाली फिल्मों पर हमेशा के लिए बैन लगाना चाहिए, बैठक में कारी अलाउद्दीन रिजवी, अब्दुल कय्यूम रिजवी, अब्दुल रहमान जियाई, नाजिम खान के अलावा अनेक उलेमा मौजूद थे।

# यवतमाल में चक्रवात और भारी बारिश से दर्जनों घर ढहे... कई लोग घायल



**महाराष्ट्रः** एक तरफ जहां बंगाल की खाड़ी में चक्रवात रेमल का कहर जारी है, वहीं महाराष्ट्र के कुछ जिलों में तूफान ने बड़ी तबाही मचाई है. यवतमाल जिले में चक्रवात की वजह से कई मकानों के ढहने की भी खबर है. चक्रवात के कारण कई घरों की टीन की चादरें उड़ गईं. टीन की चादर उड़ने से शख्स का हाथ भी कट गया है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं. हालांकि, इस चक्रवात का पश्चिम बंगाल की ओर से बढ़ रहे रेमल से संबंध है या नहीं, यह कहना मुश्किल है.

यवतमाल के अरनी और महागांव तालुका में अचानक आए चक्रवात से भारी नुकसान हुआ है. अरनी, महागांव तालुका के कई गांव चक्रवात से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं. अरनी तालुका में पभाल और महागांव तालुका में तिवरंग, खली मलकापुर चक्रवात की चपेट में हैं. पभाल में 25 घर ढह गए हैं. चक्रवात से हजारों पेड़ उखड़ गए हैं. पेड़ गिरने से कई रास्ते बंद हो गए हैं. तेज हवा के साथ झमाझम बारिश भी हो रही है. इसलिए अरनी का पभाल गांव चक्रवात से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है.

**जलगांव में बेमौसम बारिश से भारी नुकसान**

जलगांव के जामनेर में बेमौसम बारिश के कारण केलों के पड़ों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है. जामनेर तालुका के कापुसवाडी, देउलगांव, फत्तेपुर जैसे कई गांवों में बारिश और तूफान के कारण काफी नुकसान हुआ है. कापुस वाड़ी में बेमौसम बारिश के कारण केले के तीन बड़े बगीचे नष्ट हो गए हैं. बेमौसम बारिश की वजह से किसानों को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचा है.

**अंबाजोगाई में तूफान के साथ बेमौसम बारिश**

अंबाजोगाई तालुका में पूस और गिरवली शिवरा में तूफानी हवाओं के साथ बारिश हुई. तेज हवाओं के कारण गिरवली शिवार में कई स्थानों पर बिजली के खंभे टूट गए. कई जगहों पर पेड़ उखड़ने की घटना भी देखने को मिली है. कई जिलों में तूफान और भारी बारिश की वजह से कितने लोगों की मौत हुई है या फिर कितने लोग घायल हुए इसकी ठोस जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है. कई जगहों पर राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है. पश्चिम बंगाल में चक्रवात रेमल भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया है. इसके रविवार आधी रात तक बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने का अनुमान है.

# मुंबई सायन हादसा:

## बुजुर्ग महिला की मौत के मामले में आरोपी डॉक्टर को जमानत




**मुंबई :** मुंबई में एक बुजुर्ग महिला की घातक दुर्घटना के मामले में गिरफ्तार किए गए डॉ. राजेश ढेरे को रविवार को जमानत मिल गई। डॉ. ढेरे सायन अस्पताल के फोरेंसिक मेडिसिन और टॉक्सिकोलॉजी विभाग के प्रमुख और बीकेसी सीओवीआईडी सेंटर के डीन हैं। 24 मई को मध्य मुंबई के सायन अस्पताल में एक तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी थी। अधिकारियों के मुताबिक, दुर्घटना में शामिल कार सायन अस्पताल के डॉ. राजेश ढेरे की थी। आरोपी के वकील अनिल जाधव ने कहा कि डॉ. ढेरे के खिलाफ जिस अपराध के तहत मामला दर्ज किया गया है, वह 'जमानती अपराध' है।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''जिस अपराध, 304 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है, वह जमानत योग्य अपराध है... उसे 20,000 रुपये की जमानत दी गई है।'' मृतक की पहचान जुबैदा शेख के रूप में की गई है. वह मधुमेह से पीड़ित थीं और पिछले दो सप्ताह से सायन अस्पताल में भर्ती थीं। उन्हें एक सप्ताह पहले ही अस्पताल से छुट्टी मिली थी और वह फॉलो-अप के लिए जाने लगीं। पुलिस ने मृत महिला के बेटे शाहनवाज खान की शिकायत के आधार पर डॉक्टर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए, 388, 279, 203, 177 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अस्पताल परिसर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक शुरूआती जांच में ऐसा लग रहा है कि महिला का एक्सीडेंट हुआ है लेकिन पुलिस अन्य एंगल से भी मामले की जांच कर रही है.

## संपादकीय...



# आरक्षण का ही देश नहीं

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

यह देश किसी एक जाति, संप्रदाय, नस्ल, वर्ग, भाषा और जमात का नहीं है। यह देश हिंदू-मुसलमान या जैन-बौद्ध अथवा सिख-जट या पारसी-ईसाई आदि का भी नहीं है। यह देश दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों का भी है तथा अल्पसंख्यक सवर्ण गरीबों का भी है। यह देश समस्त भारतीयों का है, लिहाजा सभी के दुख-सुख और हित में सोचना और नीतियां बनाना अनिवार्य है। दुर्भाग्य और विडंबना है कि इस बार के आम चुनाव में इस विविधता और व्यापकता पर कोई बहस नहीं की गई। सिर्फ मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा सबसे अधिक गूंजता रहा है। विपक्ष के खेमे का लगभग समवेत स्वर रहा है कि मुसलमानों को आरक्षण जरूर देंगे। लालू यादव तो 100 फीसदी आरक्षण मुसलमानों को ही देने के पैरोकार हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उच्च न्यायालय के फैसले के बाद सार्वजनिक ऐलान किया है कि मुस्लिम आरक्षण जारी रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी लगातार पलटवार करते रहे हैं कि वह मुस्लिम आरक्षण लागू नहीं होने देंगे। जब तक वह जिंदा हैं, तब तक दलितों, आदिवासियों और ओबीसी का आरक्षण छिनने नहीं देंगे। आरक्षण किसी का संवैधानिक मौलिक अधिकार नहीं है। हमारे संवैधानिक पुरखों ने एक व्यवस्था 10 साल के लिए तय की थी, ताकि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक विषमताएं समाप्त की जा सकें, लेकिन आजादी के 77 साल बाद भी वह ह्यसंवैधानिक कृपाह्न बरकरार है, विषमताएं भी मौजूद हैं, क्योंकि आरक्षण आज भी लागू है। बल्कि आरक्षण आज राजनीतिक हथियार बन चुका है। संविधान पीठ भी फैसला दे चुकी है कि धर्म पर आधारित आरक्षण ह्यसंवैधानिकह्न नहीं है।

कुछ राज्य सरकारों ने मुसलमानों को धार्मिक कोटा देने की जुर्रत की थी, लेकिन सर्वोच्च अदालत ने उन्हें खारिज कर दिया। सिर्फ बिहार और बंगाल ही नहीं, मध्यप्रदेश, गुजरात, उप्र, केरल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्यों में भी कई-कई जातियों की आड़ में मुसलमानों को आरक्षण देने की व्यवस्था है। अदालत की आंख में धूल झोंकी गई है। कई राज्यों में तो भाजपा की सरकारें है। कुछ भी संवैधानिक नहीं है, फिर भी आरक्षण का चुग्गा फेंक कर मुस्लिम तुष्टिकरण और बंधक वोट बैंक की राजनीति खेली जा रही है। मुसलमानों की आड़ में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या सरीखी देश-विरोधी गतिविधियां भी जारी हैं। यह कड़ा आदेश मुख्यमंत्रियों को भी दिया जाना चाहिए कि ऐसे रंगे सियार वोट बैंक असंवैधानिक हैं, लिहाजा देश में एनआरसी भी अनिवार्य की जानी चाहिए। अब तो कुछ दिनों के बाद नई सरकार भारत में बनेगी, लिहाजा वोट बैंक की चिंताएं कम होंगी, लिहाजा भारत सरकार ऐसा अभियान चलाए, ताकि अवैध घुसपैठियों को देश से बाहर किया जा सके। हम पूरा दोष घुसपैठियों को या वोट बैंक के तुष्टिकरण को ही नहीं दे सकते, क्योंकि देश में ही कांग्रेस पूरी तरह ह्यमुस्लिमवादीह्न रही है। मुस्लिमवादियों के अपने कुतर्क हैं। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार ने ही 2004 में जस्टिस रंगनाथ मिश्र आयोग गठित किया था। उसने 2007 में मुसलमानों को ओबीसी आरक्षण देने की सिफारिश की थी। जस्टिस रंगनाथ मिश्र देश के प्रधान न्यायाधीश रह चुके थे। मुसलमानों के लिए ही सच्चर कमेटी का गठन किया गया। यूपीए सरकार के तहत अलग से ह्यअल्पसंख्यक मंत्रालयह्न भी बनाया गया, जिसका फोकस मुसलमानों पर ही रहा है। उस दौर में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का विवादास्पद बयान भी सामने आया कि देश के संसाधनों पर पहला दावा और अधिकार खासकर अल्पसंख्यक मुसलमानों का है। 2024 के आम चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी का 2012 का एक वीडियो बेनकाब किया है, जिसमें राहुल मुस्लिम आरक्षण का दावा ठोंकते देखे और सुने जा सकते हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# महाराष्ट्र एसीबी ने 2024 के 5 महीनों के दौरान भ्रष्टाचार के मामलों में 16% की गिरावट दर्ज की

**मुंबईः** महाराष्ट्र राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में इस साल के पहले पांच महीनों में दर्ज भ्रष्टाचार के मामलों की संख्या में लगभग 16 प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। 1 जनवरी 2024 से 23 मई 2024 तक के सांख्यिकीय रिकॉर्ड पर एक सरसरी नजर डालने से पता चलता है कि एसीबी द्वारा कुल 289 मामले दर्ज किए गए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 343 मामले दर्ज किए गए थे।इन मामलों के सिलसिले में पकड़े गए लोगों की संख्या पिछले साल की समान अवधि के 494 से घटकर इस साल 425 हो गई है। हालाँकि, इस साल मई में ट्रैप मामलों की संख्या में 4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई।

राजस्व और पुलिस विभाग शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं।जहां राजस्व विभाग अपने अधिकारियों के खिलाफ 82 ट्रैप के साथ सूची में शीर्ष पर है, वहीं पुलिस विभाग भी 56 ट्रैप के साथ पीछे नहीं है, इसके बाद पंचायत समिति सदस्यों और जिला परिषद सदस्यों के खिलाफ 23-23 ट्रैप हैं।इसके अलावा राज्य बिजली वितरण कंपनी लिमिटेड के खिलाफ 22 मामले, विभिन्न नगर निगमों और शिक्षा विभाग के 10-10 कर्मचारी और अन्य लोग एसीबी के दायरे में आए हैं।

दागी आरोपियों में 26 प्रथम श्रेणी अधिकारी, 46 द्वितीय श्रेणी अधिकारी, 210 और 691 तथा 21 तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल हैं। आठ जोनल रेंजों में से नासिक इकाई ने इस साल 54 ट्रैप आयोजित करके सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया, इसके बाद क्रमशः पुणे और छत्रपति संभाजी नगर में 51 और 48 ट्रैप का आयोजन किया गया।जबकि ठाणे इकाई ने 28 सफल जाल बिछाए और 48 लोगों को गिरफ्तार किया, उनके मुंबई समकक्ष इस साल 23 मई तक 15 जाल और 24 गिरफ्तारियों के साथ सूची में सबसे नीचे रहे। जबकि संपत्ति रु. सफल जाल में रंगे हाथों पकड़े गए आरोपियों से 10,39,0550 रुपये जब्त किए गए हैं, एसीबी ने अब तक आय से अधिक संपत्ति (डीए) के छह मामलों का भी खुलासा किया है और 76,30,1619 रुपये की बेहिसाब संपत्ति जब्त की है।विशेष रूप से, लगभग 454 भ्रष्टाचार मामलों में आरोप-पत्र और प्रारंभिक जांच अनुरोध पिछले कई महीनों से सरकार और अन्य सक्षम अधिकारियों से अनुमोदन के बिना रुके हुए हैं।

454 में से 291 मामले 90 दिनों से अधिक की अवधि से लंबित हैं। इस वर्ष छह मामलों में आठ लोगों को दोषी ठहराया गया है, जबकि सैकड़ों मामले अभी भी न्यायपालिका के समक्ष लंबित हैं।

# विधान परिषद चुनाव के लिए शिवसेना यूबीटी ने अनिल परब को मैदान में उतारा




**मुंबईः** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने शनिवार को 26 जून को होने वाले विधान परिषद चुनावों के लिए एमएलसी अनिल परब और पार्टी पदाधिकारी जेएम अभ्यंकर को क्रमशः मुंबई स्नातक और मुंबई शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया।परब ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार में पूर्व परिवहन मंत्री हैं। अभ्यंकर शिव सेना (यूबीटी) शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रमुख हैं। विधान परिषद की 78 सीटों में से, शिवसेना (अविभाजित) के 11 सदस्य, राकांपा (अविभाजित) के नौ, कांग्रेस के आठ और भाजपा के 22 सदस्य हैं। जद (यू), पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी और राष्ट्रीय समाज पक्ष के एक-एक सदस्य हैं।, जबकि चार निर्दलीय हैं।

इक्कीस सीटें खाली हैं. रिक्त सीटों में 12 सदस्य राज्यपाल द्वारा नामित किए जाएंगे और नौ स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों के माध्यम से चुने जाएंगे।विशेष रूप से, इन पार्टियों में विभाजन के बाद, शिवसेना और राकांपा के अधिकांश एमएलसी क्रमशः मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाले खेमों में चले गए हैं। चार विधान परिषद सीटों मुंबई स्नातक निर्वाचन क्षेत्र, कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र, मुंबई शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र और नासिक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए द्विवार्षिक चुनाव आवश्यक हो गए क्योंकि मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल जुलाई में समाप्त हो रहा है। 26 जून को मतदान होगा और 1 जुलाई को नतीजे घोषित किये जायेंगे.

# विक्को के चेयरमैन यशवंत पेंढारकर का नागपुर में निधन







**पुणेः** आयुर्वेदिक सौंदर्य प्रसाधन की दिग्गज कंपनी विक्को लैबोरेटरीज के अध्यक्ष यशवंत पेंढारकर का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। पेंढारकर का नागपुर में सिविल लाइंस स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। शनिवार को अंतिम अधिकार दिया गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी शुभदा, बेटे अजय और दीप और बेटी दीप्ति, पोते-पोतियां और एक बड़ा परिवार है।

पुणे आयुर्वेदिक सौंदर्य प्रसाधन की दिग्गज कंपनी विक्को लैबोरेटरीज के अध्यक्ष यशवंत पेंढारकर का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। पेंढारकर का नागपुर में सिविल लाइंस स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। शनिवार को अंतिम अधिकार दिया गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी शुभदा, बेटे अजय और दीप और बेटी दीप्ति, पोते-पोतियां और एक बड़ा परिवार है।

# लिव इन रिलेशनशिप कपल ने की 15 महीने के बच्चे की हत्या... शव को गटर फेंक लिखाई गुमशुदगी की रिपोर्ट



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मां ने प्रेमी की खातिर अपनी ममता का कत्ल करवा डाला और उसके मुंह से उफ तक नहीं निकली।

मां के प्रेमी ने उसके 15 महीने के बच्चे की बेरहमी से हत्या कर दी और शव को गटर में फेंक दिया। हैरानी की बात तो ये है कि मां और उसके प्रेमी ने इस कांड को करने के बाद पुलिस स्टेशन में अपहरण का केस दर्ज करवा दिया। जब पुलिस ने सख्ती से इनसे पूछताछ की तब उन्होंने सच कबूला। मामला मुंबई के जोगेश्वरी इलाके का है।

# नौकरी के झांसे में एस्टेट एजेंट को फंसाया: आरोपी गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 60 वर्षीय एस्टेट एजेंट और उसके दोस्त का कथित तौर पर अपहरण करने और उनसे पैसे ऐंठने के प्रयास के आरोप में एक गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को चार महिलाओं समेत एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। काशीगांव थाने के वरिष्ठ निरीक्षक राहुलकुमार पाटिल ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 364ए (फिरौती के लिए अपहरण), 384 (जबरन वसूली) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**नौकरी का झांसा देकर ऐसे फंसाया**

शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्हें एक नौकरी मांगने वाली एक महिला का फोन आया और उसे 21 मई को एक होटल में बुलाया गया। उन्होंने बताया कि नौकरी पर चर्चा करते समय आरोपी ने शिकायतकर्ता और उसके साथ आए एक दोस्त का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि कुछ गड़बड़ होने का संदेह होने पर दोनों व्यक्ति परिसर से चले गए, लेकिन उन्हें जबरन एक ऑटोरिक्शा में बैठाकर गोराई ले जाया गया। उन्होंने बताया कि गोराई में तीन महिलाओं और एक पुरुष ने शिकायतकर्ता और उसके दोस्त की पिटाई की।

**1 लाख पैसे की मांग**

आरोपियों ने कथित तौर पर उनसे पैसे मांगे और उन्हें एक एटीएम में ले गए, जहां वे पैसे नहीं निकाल सके। इसके बाद उन्हें बोरीवली ले जाया गया, जहां आरोपियों ने धमकी दी कि जब तक वे एक लाख रुपये नहीं देंगे, उन्हें नहीं छोड़ा जाएगा।

**इन धाराओं में दर्ज मामला**

आरोपियों ने दोनों के खिलाफ दुष्कर्म की झूठी शिकायत दर्ज कराने और उनके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी और फिर 22 मई की सुबह उन्हें छोड़ दिया। अधिकारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और खुफिया जानकारी की मदद से पुलिस ने सोनाली महेंद्र महाले (28), निशा नागेश गायकवाड़ (45), उसकी बेटी दर्शना (22), बहन दीपा रोहित प्रजापति (38) और मलिक अहमद फक्की (24) को गिरफ्तार किया है।

# ठाणे में चलती लोकल ट्रेन से गिरने पर एक व्यक्ति के दोनों पैर कटे...



**ठाणे :** ठाणे में चलती लोकल ट्रेन से गिरने पर एक व्यक्ति के दोनों पैर कटे अधिकारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की कि ठाणे खाड़ी के पास एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसके बाद जीआरपी के कर्मी मौके पर पहुंचे और जांगले को कलवा के नजदीकी छत्रपति शिवाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।महाराष्ट्र के ठाणे जिले में चलती लोकल ट्रेन से गिरने के बाद 30 वर्षीय व्यक्ति के दोनों पैर कट गए। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि यह घटना 22 मई को कलवा इलाके में हुई।पीड़ित की पहचान जगन लक्ष्मण जांगले के रूप में हुई है। वह खचाखच भरी लोकल ट्रेन के एक कोच के पायदान पर खड़ा था और दादर (मुंबई) से कल्याण (ठाणे) की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि वह कल्याण का रहने वाला था और दादर में किताब की दुकान में काम करता था। उसने बताया कि पीड़ित की हाल ही में शादी हुई थी और वह अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था।पुलिस ने व्यक्ति के भाई, चिकित्सकों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर बताया कि जब ट्रेन ने ठाणे स्टेशन पार किया तो अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पटरी पर गिरने के बाद चलती लोकल ट्रेन के पहिये के नीचे आ गया। अधिकारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली की कि ठाणे खाड़ी के पास एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। जिसके बाद जीआरपी के कर्मी मौके पर पहुंचे और जांगले को कलवा के नजदीकी छत्रपति शिवाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।उन्होंने बताया कि अब तक की जांच में यह साबित नहीं हो सका है कि किसी ने उसका फोन चुराने के लिए उसे चलती ट्रेन से धक्का दिया था, जिसके कारण वह ट्रेन से गिरा। अधिकारी ने कहा, हम मामले में जांच कर रहे हैं।

# विदर्भ-मराठवाडा में भीषण गर्मी, अकोला में धारा 144 लागू, मुंबई में बारिश के आसार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के विदर्भ और मराठवाडा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। अकोला में अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक है। एहतियात के तौर पर स्थानीय प्रशासन ने अकोला में धारा-144 लागू कर दी है। उधर, मुंबई में बादल छाए हुए हैं और मौसम विभाग ने बारिश की भविष्यवाणी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, अकोला जिला पिछले दो दिन में राज्य का सबसे गर्म शहर रहा है, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। अकोला में हीटवेव (लू) की आशंका के चलते जिलाधिकारी अजीत कुंभार ने 31 मई तक सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी।

शनिवार को जारी आदेश में सभी प्रतिष्ठानों को कर्मचारियों, श्रमिकों के लिए पीने के पानी और पंखों की पर्याप्त व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। साथ ही कोचिंग संस्थानों को दोपहर में क्लास नहीं रखने का निर्देश दिया गया है। महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के अकोला में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस और शनिवार को 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह इस महीने गर्मी के सीजन का सबसे अधिक तापमान है। अकोला में 26 मई 2020 को 47.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड हुआ था।

1. मराठवाडा का अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)
2. औरंगाबाद- 42.8, नादेड-43.8, परभणी- 45.2
3. विदर्भ का अधिकतम तापमान (डिग्री सेल्सियस)
4. अकोला- 45.6, अमरावती- 44.4, बुलढाणा- 40.6, चंद्रपुर- 43.4, नागपुर- 41.7, वर्धा- 44, यवतमाल- 45.5

## घाटकोपर में होर्डिंग गिरने का मामला...

# कोर्ट में बचाव पक्ष के वकील ने कहा- ये एक्ट ऑफ गॉड है



**मुंबईः** मुंबई के घाटकोपर में होर्डिंग गिरने का मामला कोर्ट में चल रहा है। इस घटना में 17 लोगों की मौत हुई थी। इस केस में बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट से कहा कि ये एक्ट ऑफ गॉड है। बता दें कि एक्ट ऑफ गॉड में ऐसी स्थितियों को शामिल किया जाता है, जो इंसानों के काबू से बाहर हों। जैसे भूकंप, बाढ़ या कोई अन्य प्राकृतिक आपदा। कुछ साल पहले फिल्म 'ओएमजी-ओह माई गॉड' में इसका खूब जिक्र हुआ था क्योंकि परेश रावल के निभाए किरदार कांजी लालजी मेहता की दुकान भूकंप में तबाह हो जाती है, लेकिन बीमा कंपनी उन्हें बीमा देने से इसलिए मना करती है क्योंकि ये एक्ट ऑफ गॉड है।

**होर्डिंग गिरने के मामले में आरोपी की हुई पेशी**

घाटकोपर होर्डिंग गिरने के मामले में आरोपी भावेश भिंडे को आज किला कोर्ट में पेश किया गया। क्राइम ब्रांच की यूनिट 7 में यह मामला चल रहा है। इस मामले की जांच के लिए रस्क्ळ का गठन किया गया है। बीते दिनों मुंबई के घाटकोपर इलाके में होर्डिंग गिरने से 17 लोगों की मौत हुई थी, जिसके आरोप एगो मीडिया के डायरेक्टर भावेश भिंडे पर लगे थे और उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

**पुलिस ने अपनी दलील में कही ये बात**

कोर्ट में क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस कंपनी के पास 4 और होर्डिंग थीं। इसमें पहले 16 की मौत हुई थी, जबकि अब ये संख्या 17 हो चुकी है। इस कंपनी के पैसे परिवार के पर्सनल अकाउंट से हैंडल किए गए। पुलिस ने बताया कि जिस मार्केटिंग कंपनी ने प्रचार के लिए इन्हें कॉन्ट्रैक्ट दिया था, उनसे भी पूछताछ की गई है। आरोपी पर कई केस दर्ज हैं और आरोपी कई सालों से होर्डिंग की बिजनेस में है। पूरे मुंबई में इनके 20 से ज्यादा होर्डिंग हैं, जिनसे करोड़ों की कमाई होती है। कई होर्डिंग्स में निचले दर्जे का काम किया गया है। आरोपी की कई कंपनियां पहले से ब्लैक लिस्ट की गई हैं। क्राइम ब्रांच ने भावेश भिंडे की कस्टडी 4 दिनों के लिए और मांगी है।

**बचाव पक्ष ने क्या कहा?**

इस मामले में बचाव पक्ष ने कहा कि जमीन रेलवे की है और जीआरपी से अनुमति ली गई थी। जब यह होर्डिंग बननी शुरू हुई, उसका पहले डायरेक्टर कोई और था, उसके पहले ही अनुमति लेने की प्रकिया पूरी हो चुकी थी। इसमें पहले किसी भी सरकारी संस्था ने ऑब्जेक्शन नहीं किया। हम नकार नहीं सकते कि घटना हुई। लेकिन यह एक्ट ऑफ गॉड का मामला है। मौसम विभाग के मुताबिक, उस दिन तेज हवाएं चल रही थीं। जमीन के 40 फीट नीचे क्या था, इसे आप पता नहीं कर सकते। इस मामले में पब्लिक सेंटीमेंट ने इन्वेस्टिगेशन पर प्रभाव डाला। बीएमसी ने दादर के सभी होर्डिंग गिरा दिए। क्या पहले इन्हें नोटिस दिया गया था? इस मामले में जांच के लिए पुलिस रिमांड की कोई जरुरत नहीं है। वहीं पुलिस की दलील है कि जबसे ये होर्डिंग लगाई गई हैं, पूरा पैसा भावेश भिंडे हैंडल कर रहे हैं। भिंडे ही सर्वेसर्वा हैं। इसलिए जांच के लिए कस्टडी जरूरी है। कोर्ट ने आरोपी भावेश भिंडे को 29 मई तक क्राइम ब्रांच की कस्टडी में भेजा है।

# मुंबई में रह रहे आगरा के युवक का बुरहानपुर में मिला अधजला शव, गुत्थी सुलझाने में जुटी पुलिस



**मुंबईः** विश्व प्रसिद्ध कुंडी भंडारे के पास शनिवार को मिले युवक के अधजले शव की पहचान हो गई है। उत्तर प्रदेश के आगरा का रहने वाला हसन सिंह पुत्र गंगाराम उम्र 38 वर्ष था। वह काफी समय से मुंबई के पनवेल में रहकर एक होटल में काम कर रहा था। युवक मुंबई से बुरहानपुर कैसे पहुंचा और उसकी हत्या क्यों व किसके द्वारा की गई, यह पता लगाना पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। सीएसपी गौरव पाटिल ने बताया कि घटना स्थल के पास मिले आधार कार्ड के माध्यम से मृतक की पहचान की गई है। उसके स्वजन को सूचना दे दी गई है। उनके बुरहानपुर आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जाएगा कि मृतक किसके साथ आखिरी बार था और बुरहानपुर कैसे पहुंचा।

ज्ञात हो कि शनिवार सुबह चिंचाला क्षेत्र के किसान ने लालबाग थाने पहुंच कर सूचना दी थी कि उसके खेत में एक युवक का अधजला शव पड़ा हुआ है।

# मुंबई के सायन अस्पताल में महिला को कार से कुचलने के आरोप में सीनियर डॉक्टर गिरफ्तार...

**मुंबई:** एक वरिष्ठ डॉक्टर, जो बीएमसी की कोविड प्रतिक्रिया में सबसे आगे थे, को 60 वर्षीय मुंब्रा महिला की मौत के बाद शनिवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया गया, जिसे उन्होंने पिछली शाम सायन अस्पताल के परिसर में अपनी कार से कुचल दिया था। पुलिस ने कहा. पुलिस ने कहा कि अस्पताल के फोरेंसिक विभाग के प्रमुख डॉ. राजेश डेरे, जो महामारी के दौरान बीकेसी कोविड केंद्र के डीन थे, निगरानी में थे। डॉक्टर के करीबी सूत्रों ने टीओआई को बताया कि उनके कार स्टार्ट करने के कुछ मिनट बाद ही महिला उनकी कार के सामने गिर गई थी। पुलिस ने न केवल लापरवाही से मौत और लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया है, बल्कि गलत जानकारी देने से संबंधित धाराएं भी लगाई हैं। पुलिस ने कहा कि मरीज रुबैदा शेख का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने तब तक दुर्घटना का खुलासा नहीं किया जब तक कि अधिकारियों को संदेह नहीं हुआ और उन्होंने सीसीटीवी फुटेज नहीं देखी, जिसमें एक वाहन उन्हें कुचलते हुए दिखाई दे रहा था। डॉ. डेरे ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन उनके करीबी सूत्रों ने कहा कि यह ''हिट एंड रन'' मामला नहीं है। एक सूत्र ने कहा, ''मरीज अपनी कार के सामने गिर गया, जिससे उसे मामूली चोट आई।'' सूत्र




ने कहा, ''कार की गति अधिकतम 5 किमी/घंटा रही होगी।'' सूत्र ने कहा, मरीज के गिरने के बाद डॉ. डेरे ने उसे आपातकालीन स्थिति में ले जाने में मदद की। कथित तौर पर मौत का कारण ''कार्डियोजेनिक शॉक'' है। पुलिस ने कहा कि उन्हें शुक्रवार रात करीब 11 बजे अस्पताल से आपातकालीन पुलिस रिपोर्ट संदेश मिला कि एक महिला गेट 7 के पास बेहोश पड़ी है और उसके शरीर पर चोटें हैं और उसे इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस की एक टीम अस्पताल पहुंची और उसे वेंटिलेटर पर पाया, बोलने में असमर्थ थी। पुलिस ने शेख के बेटे शाहनवाज को सूचना दी।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उन्हें अस्पताल से सही जानकारी नहीं मिली कि महिला कैसे घायल हुई। जांच और सीसीटीवी फुटेज के अध्ययन के दौरान दुर्घटना का पहलू सामने आया। एक पुलिस सूत्र ने कहा कि डॉक्टर ने शेख को कुचल दिया और तुरंत कार रोक दी। सुरक्षा कर्मचारी और अन्य लोग मदद के लिए दौड़े। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने बताया कि हादसा शाम 7.45 बजे हुआ. पुलिस ने बताया कि शनिवार दोपहर अस्पताल ने उन्हें बताया कि इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई. शेख के बेटे शाहनवाज (30) ने कहा कि उनकी मां अपने हाथ की चोट के इलाज के लिए सायन अस्पताल गई थीं।

उन्होंने बताया कि संक्रमण के कारण उन्हें सायन अस्पताल में भर्ती कराया गया था और लगभग एक महीने के बाद 16 मई को उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। डिलीवरी बॉय के रूप में काम करने वाले शाहनवाज ने कहा कि वह कल रात करीब 1.30 बजे सोए थे और उनका फोन साइलेंट मोड में था। शाहनवाज ने कहा, ''सुबह मैंने पुलिस के कई मिस्ड कॉल और एक संदेश देखा। मैंने उनसे बात की और उन्होंने कहा कि मेरी मां का एक्सीडेंट हो गया है।'' पुलिस ने कहा कि शेख के शव को पोस्टमार्टम के लिए भायखला के जेजे अस्पताल भेजा जाएगा।

## अमरावती से लोकसभा चुनाव से बाहर होने के लिए बीजेपी ने राज्यपाल पद की पेशकश की : आनंदराव अडसुल

**मुंबई:** शिवसेना के पूर्व सांसद आनंदराव अडसुल ने दावा किया है कि अमरावती से लोकसभा चुनाव की दौड़ से बाहर होने के लिए बीजेपी ने उन्हें राज्यपाल पद की पेशकश की थी. अडसुल ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं ने उनसे कहा कि उन्हें राज्यपाल का कार्यभार मिलेगा और कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस उनके नाम के साथ केंद्र को सिफारिश भेजेंगे। यह टिप्पणी अडसुल के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य में माहौल विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के पक्ष में है और तथ्य यह है कि विपक्ष ने एकजुट मोर्चा बनाया है, जिससे लोकसभा चुनावों में महायुति को कुछ नुकसान होगा।




अडसुल अमरावती लोकसभा सीट के इच्छुक थे, लेकिन महायुति ने इसके बजाय भाजपा के नवनीत राणा को नामांकित किया। अडसुल ने यह भी कहा कि इस बात की कोई निश्चितता नहीं है कि नवनीत राणा जीतेंगे।शुक्रवार को, अडसुल ने सेना सांसद गजानन कीर्तिकर के इस बयान का समर्थन किया था कि एमवीए अच्छा प्रदर्शन करेगा और कहा कि सेना पदाधिकारी शिशिर शिंदे को उस बयान पर गजानन कीर्तिकर को पार्टी से निष्कासित करने की मांग करने का कोई अधिकार नहीं है।

2014 में पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता संभालने के बाद से, किसी भी शिव सेना पदाधिकारी को गवर्नर का कार्यभार नहीं दिया गया है। अडसुल ने कहा, ''उन्होंने (बीजेपी के शीर्ष नेताओं ने) मुझसे कहा कि मैं जो चाहता हूं उसे स्पष्ट रूप से कहूं। उन्होंने मुझसे कहा कि वे मुझे राज्यपाल बनाएंगे, तो मैंने कहा कि ठीक है. चूँकि मेरे पास कोई अन्य विकल्प नहीं था, इसलिए मैंने उनके द्वारा दिए गए विकल्प का सम्मान किया और सहमत हो गया। उन्होंने मुझसे कहा कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री आपको राज्यपाल बनाने का प्रस्ताव देंगे। वे पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे और हम व्यावहारिक रूप से इस पर विचार करेंगे।''


## मुंबई में झील के स्तर में गिरावट, 30 मई से 5% ,5 जून से 10% पानी की कटौती

**मुंबई:** मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली झीलों में स्टॉक 10% से नीचे गिरने के साथ, बीएमसी ने शनिवार को 30 मई से शहर के लिए 5% पानी की कटौती और 5 जून से 10% पानी की कटौती की घोषणा की। बीएमसी ने नागरिकों से यथासंभव पानी बचाने की अपील भी की। नगर निकाय ने कहा कि संतोषजनक बारिश होने और जल निकायों में उपयोगी भंडार में सुधार होने तक पानी में कटौती जारी रहेगी। शनिवार को झीलों में पानी का कुल भंडार 9.69% या 1.40 लाख मिलियन लीटर था।



पिछले वर्ष इसी दिन जल भंडार 2.18 लाख मिलियन लीटर या 15.10% था, जबकि वर्ष 2022 में जल भंडार 2.88 लाख मिलियन लीटर या मौजूदा स्तर से 19.95% दोगुना है। ''वर्ष 2021 और 2022 में, मानसून 15 अक्टूबर तक सक्रिय था। हालांकि, 2023 में, अक्टूबर के महीने में अपेक्षाकृत बहुत कम वर्षा हुई थी। परिणामस्वरूप, इस वर्ष की तुलना में जल भंडार लगभग 5.64% कम है। पिछले साल बीएमसी प्रशासन पानी के भंडार पर कड़ी नजर रख रहा है और हर दिन योजनाबद्ध तरीके से पानी की आपूर्ति कर रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने इस साल मानसून के समय पर आने की भविष्यवाणी की है, जो एक सकारात्मक बात है एक बयान में नागरिक निकाय। मुंबई में मानसून की आधिकारिक शुरूआत की तारीख 11 जून है। 5% और 10% की कटौती बीएमसी द्वारा ठाणे, भिवंडी-निजामपुर नगर निगम और अन्य गांवों को दी जाने वाली जल आपूर्ति पर भी लागू होगी। बीएमसी ने रोजाना पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने और इसे बर्बाद करने से बचने के लिए पानी बचाने की आदतों को भी सूचीबद्ध किया। इनमें गिलास में जितना आवश्यक हो उतना पानी पीना, शॉवर का उपयोग किए बिना बाल्टी में पानी लेकर स्नान करना, दांतों को ब्रश करने से बचना और नल चालू रखकर शेविंग करना शामिल है।

## मुंबई में मीठी नदी चौड़ीकरण के लिए 8,000 वर्ग मीटर क्षेत्र मुक्त कराया गया



**मुंबई:** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने सांताक्रूज चेंबूर लिंक रोड (एससीएलआर) के साथ कुर्ला में मीठी नदी के किनारे 149 संरचनाओं को शुक्रवार और शनिवार को ध्वस्त कर दिया, जो चौड़ीकरण परियोजना में बाधा बन रही थीं, जिससे 8,000 वर्ग मीटर क्षेत्र खाली हो गया। इससे क्षेत्र को इसके चौड़ीकरण के लिए 300 मीटर चौड़ा क्षेत्र भी उपलब्ध हो गया है, जिससे नदी के किनारे एक रिटेनिंग दीवार के निर्माण का काम शुरू हो सका है।

स्थानीय लोगों के विरोध और कानूनी लड़ाई के कारण विध्वंस के काम में देरी हुई, लेकिन जैसे ही बॉम्बे हाई कोर्ट से अनुमति मिली, बीएमसी विध्वंस के साथ आगे बढ़ी। एचसी के आदेशों के अनुसार, इस खंड के अधिकृत मालिकों को अगले चार हफ्तों में मुआवजा और वैकल्पिक आवास दिया जाएगा। विध्वंस के लिए एल वार्ड, उप नगर आयुक्त देवीदास क्षीरसागर, कानूनी विभाग सहित कई विभागों के काम की आवश्यकता थी। तूफान जल निकासी विभाग, और सड़क विभाग। नदी किनारे बचे अतिक्रमण को ध्वस्त करने का काम आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। साथ ही सड़क विभाग को लाल बहादुर शास्त्री मार्ग से मीठी नदी तक बॉक्स ड्रेन का काम तुरंत पूरा करने को कहा गया है.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com